भारत सरकार
सूचना मंत्रालय
भारतीय डाक विभाग

प्रवर प्रबंधक का कार्यालय, डाक वाहन सेवा, 134 - ए, एस. के. अहिरे मार्ग, वरली, मुंबई - 400018,
फोन न. 022-24936604, ई-मेल-mailmotortrafficmumbai@gmail.com

सं. डिएमएस-8/टेक. रिक्रुट./2024/252 मुंबई दिनांक: **12.07.2024**

पात्र भारतीय नागरिकों से निम्नलिखित पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

| पद | ट्रेड | रिक्त पदों की संख्या | ब्रेक-अप | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अनारक्षित | आर्थिक रूप से कमजोर | अनुसूचित जाति | अनुसूचित जनजाति | अन्य पिछड़ा वर्ग |
| कुशल कारिगर (सामान्य केंद्रीय सेवा, ग्रुप-सी, अराजपत्रित, गैर-मंत्रालयी) | मैकेनिक (मोटर वाहन) | 04 | 02 | 01* | -- | -- | 01 |
| | वेल्डर | 01 | -- | -- | -- | -- | 01 |
| | टायरमैन | 02 | 01 | -- | -- | -- | 01 |
| | टिनस्मिथ | 01 | -- | -- | 01 | -- | - |
| | पेंटर | 01 | 01 | -- | -- | -- | - |
| | कुल | **09** | 04 | 01 | **01** | **–** | **03** |

* आर्थिक रूप से कमजोर (ई.डब्ल्यू.एस.) के लिए आरक्षित पद अनारक्षित वर्ग से भरा जाएगा अथवा यदि कोई आर्थिक रूप से कमजोर (ई.डब्ल्यू.एस.) उम्मीदवार नहीं मिला, तो भारत सरकार द्वारा इस विषय पर जारी आदेश/अनुदेशों के आधार पर भरा जाएगा ।

**अधिसूचित रिक्तियां परिवर्तन के अधीन हैं और जारीकर्ता प्राधिकारी के पास विना कारण बताए अधिसूचना को संशोधित / रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है।**

कुशल कारिगर का वेतन पट्टा : ₹ 19900/-(7 वें वेतन आयोग द्वारा निर्धारित वेतन आव्यूह का स्तर-२)

आवेदन स्वीकारने की अंतिम तिथि : दिनांक **10.08.2024** को **17.00** बजे तक एवं इससे पूर्व

**1.** पात्रता:

अ) सीधी भर्ती के लिए आयु सीमा:

अनारक्षित/ आर्थिक रूप से कमजोर (ई.डब्ल्यू.एस.) के लिए 01.07.2024 तक 18 से 30 वर्ष [अनुसूचित जाति/जनजाति के लिए 5 वर्ष तथा अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन-क्रिमीलेयर) के लिए 3 वर्ष की छूट ], केंद्रीय सरकार द्वारा जारी किये गये अनुदेशों व आदेशों के आधार पर सरकारी सेवकों के लिए 40 (अनुसूचित जाति/जनजाति के लिए 45 वर्ष) वर्ष तक। आर्थिक रूप से कमजोर (ई.डब्ल्यू.एस.) / अनुसूचित जाति/जनजाति / सरकारी सेवक/अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन-क्रिमीलेयर) के आधार पर आयु सीमा में छूट के लिए भारत सरकार के अधीन पदों पर नियुक्ति हेतु निर्धारित प्रारूप में प्रस्तुत किया गया जाति प्रमाण पत्र ही आयु सीमा में छूट के लिए मान्य या विचारणीय किया जाएगा ।

ब) सीधी भर्ती के लिए शैक्षणिक तथा अन्य योग्यताएँ:

(i) सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त किसी भी तकनीकी संस्थान से संबंधित ट्रेड में प्रमाण पत्र या संबंधित ट्रेड में एक वर्ष के अनुभव के साथ 8वीं कक्षा उत्तीर्ण ।

(ii) मैकेनिक (मोटर वाहन) के पद के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवार के पास भारी और हल्के वाहन चलाने के लिए वैध ड्राइविंग लाइसेंस (एच. एम. वी. और एल. एम. वी.) होना अनिवार्य है ।

**2.** चयन प्रक्रिया:

जो उम्मीदवार आवश्यक योग्यता और वैध ड्राइविंग लाइसेंस [केवल मैकेनिक (मोटर वाहन) के लिए] रखते हैं उनमें से कुशल कारीगरों का चयन प्रतियोगी ट्रेड टेस्ट (परीक्षा) के माध्यम से किया जाएगा। परीक्षा का स्थान व तिथि, पाठ्यक्रम के साथ पात्र उम्मीदवारों को अलग से उनके पत्र-व्यवहार पते पर प्रवेश पत्र में भेजकर बताया जाएगा । जो उम्मीदवार पात्र नहीं पाए जाते हैं उनके बारे में कोई भी जानकारी नहीं दी जाएगी।

**3.** आवेदन संलग्न आवेदन प्रारूप के अनुसार ही जमा करना अनिवार्य है । जो आवेदन निर्धारित प्रारूप में नहीं होंगे, उन्हें संक्षेप में खारिज कर दिया जाएगा।

**4.** सफलतापूर्वक चयनित उम्मीदवारों को एक वर्ष की परिवीक्षा अवधि से गुजरना होगा।

Cont..2/-

5. आवेदन उम्मीदवार के द्वारा अवश्य ही हस्ताक्षरित होना चाहिए और निम्नलिखित दस्तावेजों के साथ : –
निम्नलिखित प्रमाणपत्रों की स्वयं-प्रमाणित प्रतिलिपियां –
i) आयु का प्रमाण।
ii) शैक्षणिक योग्यता जैसा की क्रम संख्या 1 (ब) (i) में निर्देशित किया गया है।
iii) तकनिकी योग्यता जैसा की क्रम संख्या 1 (ब) (i) में निर्देशित किया गया है।
iv) ड्राइविंग लाइसेंस/लाइसेंस उद्धरण जैसा की क्रम संख्या 1 (ब) (ii) में निर्देशित किया गया है [केवल मैकेनिक के आवेदन हेतु] ।
v) किसी सक्षम प्राधिकारी द्वारा भारत सरकार के अधीन नियुक्ति हेतु निर्धारित प्रारूप में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग/अनुसूचित जाति/जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन-क्रीमी लेयर) का प्रमाण पत्र ।
vi) आर्थिक रूप से कमजोर (ई. डब्ल्यू.एस.) उम्मीदवारों को वर्ष 2024-2025 के लिए वैध ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है जो वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए वार्षिक आय के आधार पर जारी किया गया है।
vii) कपंनी/उद्योग के लेटर हैड पर संबंधित ट्रेड/पद का अनुभव प्रमाण पत्र जिसमें प्रमाण पत्र जारी करने वाले नियोक्ता का नाम, पता दरवाजा क्रमांक/पिनकोड आदि का उल्लेख हो, ।
viii) भारत सरकार के अधीन पदों पर नियुक्ति के लिए आवेदन करने के लिए अन्य पिछड़ा वर्ग द्वारा दिया जाने वाला प्रमाण पत्र फॉर्म-9 (नॉन-क्रिमीलेयर) में होना चाहिए।

6. जो उम्मीदवार आरक्षित खाली जगहों के लिए विचारणीय होना चाहते हैं/ आयु में छूट चाहते हैं, उनके पास इससे संबंधित सक्षम प्राधिकारी/अधिसूचित प्राधिकारी द्वारा निर्धारित प्रारूप में विज्ञापन की अंतिम तिथि पर या उससे पहले जारी किया गया प्रमाणपत्र [आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन-क्रिमीलेयर) आदि ] अवश्य होना चाहिए अन्यथा उनका किसी भी वर्ग या जाति के लिए दावा मान्य नहीं होगा तथा उनका आवेदन अनारक्षित वर्ग की खाली जगह (पद) के लिए विचारणीय किया जायेगा यदि वे योग्य पाए जाते हैं। उम्मीदवार को पद के लिए आवेदन करते समय अपनी निर्धारित जाति/वर्ग को चुनना पड़ेगा तथा साथ में वैध प्रमाणपत्र भी संलग्न करना पड़ेगा। बाद में कभी भी उम्मीदवार की वर्ग/जाति बदलने की प्रार्थना मान्य नहीं की जाएगी। जो उम्मीदवार सरकारी कर्मचारी के लिए आयु में छूट का दावा करना चाहते हैं, उन्हें संबंधित प्रमाण पत्र / दस्तावेज जमा करना होगा कि उन्होंने तय की गयी तिथि [ आवेदन करने की अंतिम तिथि] पर सरकारी कर्मचारी के रूप में न्यूनतम 3 साल की नियमित सेवा प्रदान की है। **(सेवा समान तर्ज पर या संबद्ध संवर्गों में प्रदान की जानी चाहिए) ।**

7. यदि एक से अधिक ट्रेड के लिए आवेदन किया जाता है तो प्रत्येक ट्रेड के लिए अलग-अलग आवेदन पत्र अलग-अलग लिफाफे में भेजे जाने चाहिए और उम्मीदवार को लिफाफे पर ट्रेड के साथ आवेदित पद का उल्लेख करना चाहिए और आवेदन को **'प्रवर प्रबंधक, डाक वाहन सेवा, 134-ए, सुदाम कालू अहिरे मार्ग, वर्ली, मुंबई-400018** को संबोधित किया जाना चाहिए और केवल स्पीड पोस्ट / पंजीकृत डाक द्वारा ही भेजा जाना चाहिए। किसी अन्य माध्यम से प्राप्त आवेदनों को अस्वीकार कर दिया जाएगा और कई ट्रेडों के लिए एक आवेदन भी अस्वीकार कर दिया जाएगा।

8. आवेदन स्वीकार करने की अंतिम तिथि दिनांक 10/08/2024 के 17.00 बजे तक या उससे पूर्व है। बिना पूर्ण जानकारी के आवेदन अथवा बिना आवश्यक प्रमाणपत्रों की प्रतिलिपि अथवा आवेदन के साथ बिना स्वयं-प्रमाणित संलग्न प्रतिलिपि/प्रतिलिपियां बिना किसी जानकारी व सूचना दिये बगैर सीधे खारिज कर दिये जाएंगे । भारतीय पोस्टल ऑर्डर (आईपीओ) के रूप में आवेदन पत्र के साथ 100/- रुपये **(गैर-वापसी योग्य) का आवेदन शुल्क** जमा करना आवश्यक है [अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/महिला उम्मीदवारों को छोड़कर] । पात्र उम्मीदवारों **को परीक्षा शुल्क 400/- रुपये (आईपीओ) [गैर-वापसी योग्य]** जमा करना होगा, जिन्हें ट्रेड टेस्ट के समय हॉल परमिट जारी किया जाएगा [एससी/एसटी/महिला उम्मीदवारों को छोड़कर] । 100/- रुपये के आवेदन शुल्क (एससी/एसटी/महिला को छोड़कर) के बिना आवेदन को सीधे तौर पर खारिज कर दिया जाएगा ।

9. आवेदन का प्रारूप तथा आवाश्यक जानकारी जैसे - आयु सीमा, पात्रता योग्यता/अनुभव, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन-क्रिमीलेयर) आदि के लिए निर्धारित प्रारूप में प्रमाणपत्र तथा अन्य नियम व शर्तें वेबसाइटः डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डोट इंडियापोस्ट डोट जीओवी डोट इन (www.indiapost.gov.in) पर उपलब्ध हैं।

हेमंत सिंह

वरिष्ठ प्रबंधक
डाक वाहन सेवा
मुंबई – 400018.